सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-183
12/04/2017

'गॉधी रथ' को मुख्यमंत्री ने झण्डा दिखाकर किया रवाना

पटना, 12 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज अधिवेशन भवन में चम्पारण सत्याग्रह शताब्दी समारोह के अवसर पर 'गॉधी रथ' को झण्डा दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे बिहार के सभी पंचायतों में ऑडियो–विजुअल के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के संदेशों को जन–जन तक पहुॅचायेगा। इससे पूर्व अधिवेशन भवन में प्रधान सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री ब्रजेश मेहरोत्रा ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के चित्रों एवं लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। अधिवेशन भवन में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा महात्मा गॉधी की जीवनी एवं चम्पारण सत्याग्रह पर तैयार एक घंटे के वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर कुलाधिपति आई0टी0एम0 विश्वविद्यालय ग्वालियर श्री रमाशंकर सिंह, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री विदुभूषण प्रसाद सहित सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*****